तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 जुलाई 2025

10 विधायक ने एनएचएआई को जल्द समस्या....


10 दिल्ली की सीएम रेखा व सीएम नायब सैनी का....


## खबर संक्षेप

### देवरड़ में ट्रैक्टर के नीचे आने से किसान की मौत

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के देवरड़ गांव में खेत में काम करते समय ट्रैक्टर के नीचे आने से एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई। किसान को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जुलाना क्षेत्र के गांव देवरड़ में किसान 62 वर्षीय राजेंद्र खेत में धान की रोपाई के लिए खेत को तैयार कर रहा था।

### हेरोइन सप्लाई के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** 30 ग्राम हेरोइन सप्लाई के मामले में थाना सीआईए-1 पुलिस द्वारा सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11 मार्च को सीआईए-1 पुलिस के एएसआई संजय सिंह की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर खुशहाल माजरा रोड पर बने बंद सैलर के सामने चाय के खोखे पर दबिश दे आरोपी को काबू कर लिया।

### जुलाना में छत से गिरने से युवक की मौत

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड 13 में एक युवक की छत से गिरने से मौत हो गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा जहां पर उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वार्ड नंबर 13 निवासी 22 वर्षीय नंदू रात के समय सोने के लिए घर की छत पर चढ़ा था। अचानक उसका पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया।

### अवैध देशी कट्टा सप्लाई का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन सप्लाई करने वालो पर शिकंजा कसते मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट के एचसी देवेंद्र सिंह द्वारा करते आरोपी सोनु को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 मई को स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एएसआई तरसेम की टीम द्वारा गांव पाडला के पास से आरोपी ढुंढवा निवासी कर्मबीर उर्फ तोगड़ को काबू किया गया था।

### अवैध असलहा के साथ एक चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने नरवाना रजबाहा रोड पर युवक को काबू कर कब्जे से पिस्तौल बरामद किया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि नरवाना रजबाहा रोड पर निजी अस्पताल के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### चोरी के मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल की एक कालोनी के घर में साफ सफाई का काम करने वाली महिला द्वारा घर में चोरी करने के मामले की जांच चौकी अनाज मंडी पुलिस के एसआई बलवान सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी महिला रामनगर कैथल निवासी गीता को गिरफ्तार कर लिया गया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** पटेल नगर नरवाना से कालेज के निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पटेल नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी 19 वर्षीय बेटी घर से कालेज के लिए निकली थी।

### सीवन क्षेत्र में युवक ने की युवती से छेड़छाड़

**कैथल।** सीवन पुलिस ने एक युवती के साथ छेड़छाड़ के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीवन पुलिस थाना के तहत आने वाले गांव की एक युवती ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 जुलाई को शाम 5:00 बजे जब वह अपने गांव से जा रही थी तो सेमा नामक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

### चार टीम जींद की तो एक रोहतक पुलिस की

# पचास लाख कीमत के आभूषण लूट के मामले को लेकर पांच पुलिस टीम गठित

**लुटेरों को थी ज्वैलर्स की पूरी जानकारी, बार्डर पार करते ही दिया वारदात को अंजाम**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जींद-रोहतक बॉर्डर नहर से गांव पौली की तरफ ज्वैलर्स से हुए पचास लाख कीमत के गहनों की लूट की गुत्थी को सुलझाने के लिए पांच पुलिस टीमों का गठन किया है। जिसमें एक टीम रोहतक पुलिस की भी शामिल है। हालांकि जुलाना थाना पुलिस ने ज्वैलर्स की शिकायत पर तीन बाइकों पर सवार अज्ञात लुटेरों के खिलाफ लूट, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस की गठित टीमे गुत्थी को सुलझाने मे जुटी हुई है।

**क्या था मामलाः** विकास नगर जींद निवासी अनिल सोमवार दोपहर बाद को बाइक पर रोहतक से आधा किलो सोना तथा पांच किलो चांदी के जेवरात लेकर रोहतक से जींद आ रहा था। जिनकी कीमत 50 लाख रुपये थी। जींद-रोहतक बार्डर नहर से गांव पौली की तरफ तीन बाइकों पर सवार होकर आए लुटेरों ने अनिल के साथ मारपीट कर असलहा के बल पर जेवरात वाले बैग को लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस ने तलाशी अभियान भी चलाया लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने ज्वैलर्स अनिल की शिकायत पर अज्ञात आधा दर्जन लुटेरों के खिलाफ लूट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। ज्वैलर्स से पचास लाख रुपये कीमत के जेवरात लूटने की गुत्थी का सुलझाने के लिए पांच पुलिस टीमों का गठन किया है। जिसमें जींद सीआईए, डिटेक्टिव स्टाफ, जुलाना थाना पुलिस, स्पेशल टीम तथा एक टीम रोहतक पुलिस को शामिल किया गया है। गठित टीमें आपस में तालमेल बना कर अलग-अलग एंगल से मामले की जांच कर रही हैं। आधुनिक तकनीकि का सहारा भी टीमों द्वारा लिया जा रहा है।

**लोकेशन का लिया जा रहा सहारा**

पुलिस की टीमें जींद-रोहतक हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फूटेज खगांलने के साथ लोकेशन डंप भी उठा रही हैं। साथ ही यह भी जानने की कोशिश की जा कर रही है कि आखिर लुटेरे युवक को ज्वैलर्स के पास लाखों रुपये कीमत के जेवरात होने का पता कैसे चला। जबकि लुटेरों को अनिल के बारे में पूरी जानकारी थी। जबकि ज्वैलर्स का लुटेरों द्वारा पीछा करने की बात भी सामने नही आई। फिर जींद जिले की सीमा में घुसते ही वारदात को अंजाम देना नजदीकी कारोबार से जुड़े लोगों को संदेह के दायरे में ला रहा है। पुलिस मोबाइल कॉल डिटेलस, घटना स्थल के आस पास लोकेशन डंप, सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।



**जांच जारी**

जुलाना थाना प्रभारी रविंद्र सिह ने बताया कि एसपी कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशों पर पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया है। जिसमें रोहतक पुलिस की भी एक टीम शामिल है। टीमें गुत्थी को सुलझाने के लिए हर एंगल पर कार्य कर रही है।

## हत्या के आरोपितों को पकड़ने के लिए पुलिस ने तीन टीमें की गठित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जुलाना

गांव पौली के पेट्रोल पंप के पास गोली मारकर हत्या करने के आरोपितों को पकड़ने के लिए पुलिस ने तीन टीमें गठित की हैं। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। पुलिस ने जुलाना थाना की एक टीम और दो टीमें सीआईए की गठित की हैं। पौली गांव के पास रविवार को देर सायं बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात बदमाशों ने गोलियां मार दी। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे का रोहतक पीजीआई में उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि हमलावर 2 बाइकों पर सवार होकर आए थे और आते ही 15 से ज्यादा राउंड फायर किए गए। मामला गैंगवार से जुड़ा बताया जा रहा है। मृतक की पहचान जींद के राजपुरा भैण के निवासी रिषी लोहान के रूप में हुई थी। जबकि घायल युवक इसी गांव का ही मनीष के तौर पर हुई थी। जो कबड्डी खिलाड़ी बताया जा रहा है। पौली गांव के पेट्रोल पंप के पास रिषी लोहान का शव मिला। घायल मनीष के अनुसार वह रिषी के साथ रविवार रात करीब 9 बजे जींद से रोहतक की तरफ जा रहा था। जब वे जुलाना से आगे निकल कर पौली के पास पेट्रोल पंप पर पहुंचे। इसी दौरान उन पर हमला हुआ। हमलावरों ने आगे और पीछे दोनों ओर से बाइकों पर आकर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं।

**टीमें गठित**

जुलाना थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने बदमाशों को पकडने के लिए तीन टीमें गठित की हैं। पुलिस सीसीटीवी को खंगाल रही हैं। पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।



जींद। बैठक करते पटवारी एवं कानूनगो। फोटो :हरिभूमि

## ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल आज

- पटवारी एवं कानूनगो ने हडताल को सफल बनाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

क्रेंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर बुधवार को राष्ट्रव्यापी हडताल का ऐलान किया गया है। इस ऐलान में कर्मचारी यूनियनों के अलावा, ट्रेड यूनियनें, किसान संगठन भी भाग लेंगे। रोडवज, बिजली, पीडब्ल्यूडी, आंगनवाड़ी, आशा सहित अन्य कर्मचारी संगठनों के इस हडताल में शामिल होने से लोगों को परेशानी होगी। मंगलवार को पूरा दिन कर्मचारी हडताल को लेकर रणनीतियां बनाते रहे। सीटू जिला सचिव कपूर सिंह ने बताया कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर गांवों में संपर्क अभियान चला कर भाग लेने का आह्वान किया गया है। सीटू रमेश चंद्र व संदीप जाजवान ने कहा कि दुकानदारों,आम जनता व व्यापार मंडल से हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण बाजार घाटे में है और बड़ी-बड़ी कम्पनियां आने से छोटे व्यापीरियों पर इसकी मार पड़ रही है। जींद शहर में ही दर्जनों मॉल खुल गए हैं। जिस कारण जींद के व्यापीरियों के काम पर बुरा असर पड़ा है। इसके अलावा ऑनलाइन खरीददारी ने भी काम चौपट किया। श्रम कानूनों को खत्म किया जा रहा है। दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन जींद के आह्वान पर जिला जींद के सभी पटवारी एवं कानूनगो ने जिला पटवार भवन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पटवारी एवं कानूनगो ने जिला के सभी कर्मचारियों की विभागीय समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में केंद्रीय ट्रेड युनियनों, सरकारी कर्मचारी परिसंघो व राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर बुधवार की राष्ट्रव्यापी हडताल में शामिल होने बारे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला जींद के सभी पटवारी एवं कानूनगो 100 प्रतिशत हाजिरी के साथ हड़ताल में शामिल रहेंगे।

## कैथलः मामूली कहासुनी पर मजदूर की गर्दन पर लोहे की रॉड मारकर की हत्या

- हत्या की वारदात को अंजाम देकर मौके से आरोपित युवक भाग गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

कैथल के जींद रोड स्थित एक खल मिल में सोमवार रात को आपसी कहासुनी को लेकर एक मजदूर ने दूसरे की गर्दन पर लोहे रॉड मारकर हत्या कर दी गई। दोनों एक ही मिल में काम करते थे और मिल के पास ही कमरे में रहते थे। हत्या के बाद से ही आरोपी युवक भाग गया। मृतक की पहचान रायबरेली के बेलखारा गांव निवासी 38 वर्षीय रामविलास के रूप में हुई है। हत्या का आरोपी युवक भी उसी के गांव का रहने वाला बताया गया है। घटना सोमवार रात करीब 11 बजे की है जब दोनों एक साथ बैठकर खा-पी रहे थे। इस दौरान उनमें किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जैसे ही रामविलास सोने लगा तो युवक ने उसकी गर्दन पर लोहे की रॉड मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर अनाज मंडी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

**मामले की जांच जारी**

अनाज मंडी चौकी प्रभारी राजेंद्र ने बताया कि मृतक पिछले कई वर्ष से कैथल में ही काम कर रहा था। हत्यारोपी का नाम गणेश है। चौकी प्रभारी राजेंद्र ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया है। मामले में हत्या संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगामी जांच की जाएगी। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे इन्हीं के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



## नगूरां की महिलाओं ने जींद-कैथल मार्ग किया जाम

- नगूरां चौंकी प्रभारी के आश्वासन के बाद मानी महिलाएं, खोला जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अलेवा

नगूरां गांव की अनुसूचित जाति की कालोनी में पिछले पांच दिनों से पीने के पानी की किल्लत को लेकर महिलाओं ने मंगलवार को सड़क के बीचोंबीच खड़े होकर जींद-कैथल मार्ग पर गांव के बस स्टैंड पर जाम लगा दिया।

महिलाओं का कहना था कि पिछले पांच दिनों से पीने के पानी की समस्या से परेशान है। सबमर्सीबल का स्टार्टर जला हुआ है लेकिन विभाग उसको ठीक करने की जहमत नहीं उठा रहा है। नगूरां गांव में जींद-कैथल मार्ग पर जाम लगाए जाने की सूचना मिलते ही नगूरां चौंकी प्रभारी विनोद कुमार मौके पर पहुंचे तथा जलापूर्ति विभाग के जेई रोहित से महिलाओं की बात करवा करीब आधे घंटे से लगे जाम को खुलवाया। जाम के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइने लग गई। जाम लगा लगा रही नगूरां स्थित अनुसूचित जाति की कालोनी की महिलाओं ने बताया कि करीब पांच दिनों से सबमर्सीबल की मोटर जली हुई थी, लेकिन विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बाद अधिकारियों ने सबमर्सीबल की जली मोटर को बदलने की जहमत नहीं उठाई। जिसके बाद कालोनी के लोगों ने अपने स्तर पर 15 सौ रूपये खर्च कर जली मोटर तो ठीक करवा दी लेकिन उसके बाद स्टार्टर में दिक्कत आ गई। बार-बार अधिकारियों को कालोनी में पीने के पानी की किल्लत को लेकर अवगत करवाया लेकिन अधिकारियों ने स्टार्टर तक को बदलने की जहमत नहीं उठाई। जिसके कारण कालोनी की महिलाओं को पांच दिनों से पीने के पानी की किल्लत से परेशान होना पड़ रहा है।



अलेवा। नगूरां गांव में जींद-कैथल मार्ग पर जाम लगाती महिलाएं।

## आइस स्केटिंग एसोसिएशन की जांच के आदेश

- दो सदसीय जांच कमेटी की गठित
- खेल मंत्री करेंगे जांच की निगरानी
- सात दिन में सौंपनी होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना

बेटी को न्याय व दोषियों को सजा मिलने तक जारी रहेगी लड़ाई बिनैण खाप छह बार की जूनियर नेशनल चैंपियन चाहत को आइस स्केटिंग की 20वीं नेशनल चैम्पियनशिप में जान बुझ कर प्रतियोगिता से बाहर करने हरियाणा प्रदेश एसोसिशन के चुनावों में फर्जीवाड़ा करने व फर्जी हस्ताक्षरों से एसोसिएशन के खातों से लाखों रुपये निकालने के आरोपों के तूल पकडऩे के बाद खेलमंत्री गौरव गौतम ने जांच के आदेश दे दिए हैं। मामले में मंगलवार को बिनैण खाप का प्रतिनिधि मण्डल चण्डीगढ़ में खेल मंत्री से मिला। जिसमें बिनैण खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रुघबीर नैन व ऑडिटर राजाराम ने खेल मंत्री को देहरादून में आयोजित नेशनल चैम्पियनशिप का वो विडियो दिखाया जिसमें दूसरे राज्य की खिलाड़ी चाहत नैन को धक्का दे रही है। इसके अलावा प्रतिनिधि मंडल ने हरियाणा आइस स्केटिंग एसो की ओर से चाहत नैन के पक्ष में ऑबजक्शन न लगाने व नाइंसाफी का शिकार चाहत के पिता प्रदीप जेलदार को नेशनल स्पोट्स ईवेंट के इंफोरमेशन ग्रुप से रिमूव करने हरियाणा प्रदेश एसो के चुनावों में फर्जीवाड़ा करने खेलों के नाम पर बच्चों से लिए गए पैंसों पर मौज मस्ती करने सरकार द्वारा दी रकम का गबन करने व फर्जीवाड़े से एसो के खाते से लाखों-करोड़ों रुपये का निकालने जैसे आरोपों वाला एक ज्ञापन भी सौंपा।



खेल मंत्री गौरव गौतम से मुलाकात करते बिनैण खाप के अध्यक्ष रघुवीर सिंह नैन।

**हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे**

बिनैण खाप के अध्यक्ष रघुवीर सिंह नैनए ऑडिटर राजाराम शर्मा बिनैण खाप के प्रवक्ता रंगीराम धमतान मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप नैन प्रदीप जेलदार होशियार सिंह व शमशेर सिंह खाप के अन्य पदाधिकारियों ने कहा है कि बेटी चाहत नैन को न्याय दिलवानेए बेटी को बार.बार प्रताड़ित करने वाले हरियाणा आइस स्केटिंग के प्रधान व सचिव के खिलाफ कानूनी कार्यवाही होने तक वे इस मामले में लगातार संघर्ष करते रहेंगे।

## आज से कालेज में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर ओपन काउंसलिंग होगी प्रारंभ

- महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अब भी सीटें रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर दो दौर की आवेदन प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। अब बुधवार से ओपन काउंसलिंग के माध्यम से महाविद्यालयों में दाखिले किए जाएंगे। गोहाना रोड स्थित राजकीय महाविद्यालय की बात की जाए तो यहां अब भी 819 सीटें रिक्त हैं जबकि 820 सीटों पर दाखिला लिया जा चुका है। ऐसे में महाविद्यालयों को उम्मीद है कि ओपन काउंसलिंग के माध्यम से रिक्त सीटों पर दाखिले होंगे। अब इन रिक्त सीटों को भरने के लिए नौ जुलाई से फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिला प्रक्रिया शुरू की जाएगी ताकि जो विद्यार्थी किन्हीं कारणों से मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद दाखिला नहीं ले पाए या जिन विद्यार्थियों का मेरिट लिस्ट में नाम नहीं आया वह फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिला ले सकेंगे।

इसके बाद 10 जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। इसमें विद्यार्थियों को विषय में बदलाव करने का अवसर दिया जाएगा। 11 जुलाई से लेकर 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। फि र 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फीस और 100 रुपये हर रोज लेट फीस भरकर विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। महाविद्यालयों में इस बार 15 प्रतिशत के लगभग सीट खाली हैं। इसके कारण विद्यार्थियों को दाखिले के लिए मारामारी नहीं करनी पड़ रही है। हालांकि शहर के राजकीय पीजी कॉलेज व महिला कॉलेज में दाखिले के लिए सबसे ज्यादा होड़ रहती थी। इस बार राजकीय पीजी कॉलेज में भी आधी सीटें रिक्त हैं।

### जिला प्रशासन से जगह उपलब्ध करवाने के आदेश

## कैथल में खोला जाएगा प्री वेडिंग काउंसलिंग सेंटर: भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने मंगलवार को कैथल दौरे के दौरान परिवारों को टूटने से बचाने की दिशा में डीसी प्रीति के साथ बैठक की, वन स्टॉप सेंटर का दौरा कर वहां रह रही महिलाओं की समस्याएं जानीं। साथ ही जिला जेल का दौरा कर जेल में बंद महिलाओं की समस्याएं सुनीं। इसके बाद लघु सचिवालय में महिलाओं द्वारा की गई शिकायतों में एक-एक करके सुनवाई करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए। इसके बाद जिले की महिला जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर महिला अपराधों पर अंकुश लगाने में सहयोग पर चर्चा की। उन्होंने इस दौरे में खुलासा किया कि कैथल में टूटते परिवारों को बचाने व तलाक के मामलों को कम करने के लिए एक प्री-वेडिंग काउंसलिंग सेंटर खोला जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ महिलाएं लड़के व लड़कियों को विवाह से पहले काउंसलिंग कर बताएंगी कि उन्हें विवाह से पहले व विवाह के बाद किन-किन बातों का ध्यान रखना है, ताकि उनका वैवाहिक जीवन खुशहाल रहे और तलाक की नौबत न आए। इस सेंटर के लिए जिला प्रशासन को जगह देने के लिए कहा गया है। जैसे ही जगह मिलती है, सेंटर शुरू कर दिया जाएगा। महिला आयोग द्वारा पूरे देश में इस तरह के 54 सेंटर खोले गए हैं। हरियाणा में अब तक गुरुग्राम व फरीदाबाद में यह सेंटर खुल चुके हैं।



कैथल। हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया जिला कारागार का दौरा करते। फोटो :हरिभूमि

## कैथल : नशे की ओवरडोज से 18 वर्षीय युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

नशे की ओवरडोज से युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान गांव बालू के 18 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। युवक का शव शहर के बीचोबीच स्थित पार्क रोड के शीतलपुरी डेरे के पास तालाब की पटरी पर पड़ा मिला, जिसके हाथ में नशे का इंजेक्शन लगा हुआ था। शुरुआती जांच में यह मामला नशे के इंजेक्शन के रिएक्शन से हुई मौत के होने का है। घटना की जानकारी शीतलपुरी डेरे के पुजारी ने पुलिस को दी। पुजारी ने देखा कि तालाब की पटरी पर युवक अचेत अवस्था में पड़ा है। उसने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि युवक की सांसें बंद हो चुकी थीं और मृत अवस्था में था। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस ने शहर थाना को सूचित किया। कुछ ही देर में शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गीता, डीएसपी क्राइम सुशील प्रकाश और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने तलाशी ली तो युवक के हाथ में नशे की सिरिंज पाई गई। उसकी जेब से 500-500 रुपये के कुल 38 नोट यानि कुल 19 हजार एक मोबाइल फोन और एक अतिरिक्त नशे की सिरिंज बरामद हुई।

## खबर संक्षेप

### रामनिवास खरकभूरा का हृदयगति रूकने से निधन

**नरवाना।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी नेता रामनिवास खरकभूरा का सोमवार को हृदयगति रूकने से निधन हो गया । रामनिवास के निधन पर कर्मचारी नेताओं ने शोक प्रकट किया है । हरियाणा रोडवेज कर्मचारी नेता कृष्ण नैन सतीश धरौदी सुरेन्द्र पालवां नरेन्द्र सिंहमार चालक संघ प्रधान सुभाषए जागृति मंच के प्रधान कुलदीपए एसआई हनुमान व शमशेर आदि ने उनके निधन पर दुख प्रकट किया।

### बूथ लेवल अधिकारियों के लिए होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जींद।** विधानसभा क्षेत्र 36 जींद के निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी एवं उप मंडल अधिकारी (ना.) सत्यवान मान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशों के तहत 14 जुलाई से 17 जुलाई तक सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन 11 जुलाई तक

**जींद।** शिक्षा विभाग हरियाणा की ओर से योग्य अध्यापकों से राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने के लिए लिंक 11 जुलाई तक एक्टिव रहेगा। योग्य और पात्र अध्यापक 11 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते बताया कि राज्य शिक्षक पुरस्कार से संबंधित सभी दिशा-निर्देश, निर्धारित मापदंड एवं पुरस्कारों की संख्या तथा अन्य जानकारी उपलब्ध है।

### श्रीमद भागवत कथा 10 अगस्त से

**उचाना।** आगामी 10 अगस्त से अनाज मंडी में शैड के नीचे श्रीमद भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। अरविंद शास्त्री महाराज चित्रकूट धाम कथावाचक होंगे। दोपहर तीन बजे से लेकर शाम छह बजे तक कथा होगी। सज्जन गर्गए सतपाल करसिंधु ने बताया कि कई सालों से श्रीमद भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

### रिजल्ट जारी न होने से छात्रों को आ रही समस्या

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद के विवि अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि जींद विवि के जुड़े कॉलेज यूजी 2, 4 नॉन एनईपी कोर्स के रीएग्जाम का रिजल्ट जारी न होने से छात्रों को परेशानी हो रही है। बिना रिजल्ट आए एडमिशन फार्म भरने के बाद अगर पास न हुए तो पैसे बर्बाद हो जाएंगे। रोहन ने बताया कि विवि द्वारा दिसंबर 2024 में पीजी 3 सेमेस्टर में मास कम्युनिकेशन, फाइन आर्ट, म्यूजिक, मैथ्समैटिक्स, साइकोलॉजी का रिजल्ट जारी नहीं किया गया है।

### मंदिर निर्माण कार्य शुरू के लिए किया भूमिपूजन

**नरवाना।** हलके के गांव खरल में निर्माण किया जाएगा यह जानकारी विश्वकर्मा समाज कल्याण समिति के सचिव और जिला जींद पैक्स के अध्यक्ष विजय धीमान खरल ने दी। बताया कि गांव केआसन में महंत बाबा धरती नाथ ने मन्त्रोंचारण कर भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर के लिए ईट रखी और आशीर्वाद दिया पाशा पंडित ने विधि विधान से नीव के लिए पूजा पाठ किया।

### बिजली निगम कर्मियों ने लगाया भंडारा

**नरवाना।** नरवाना उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कर्मचारियों द्वारा हर वर्ष की भांति एक विशाल भंडारे का आयोजन एक्सियन कार्यालय परिसर में किया गया जिसमे हजारों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुषो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।सोनू शर्मा एवं मोहन ने बताया कि हर वर्ष शहर में सुख शांति के लिए हर वर्ष एक भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### आधारशिला के होनहारों ने सीए की परीक्षा में परचम लहराया

**जींद।** आधारशिला पब्लिक स्कूल जींद के छात्रों ने एक बार फिर मेहनत और प्रतिभा से विद्यालय का नाम रोशन किया है। दिव्यांश जैन पुत्र अनिल जैन, अक्षित गर्ग पुत्र कृष्ण गर्ग, मोहित पुत्र अशोक कुमार, दीपांशी पुत्री भारत भूषण, अनुष्का पुत्री अनिल, सोम्या बतरा पुत्र राजेंद्र, दीपिका जैन पुत्री सतपाल ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

### जलभराव की समस्या के समाधान को लेकर एक्शन मोड में विधायक

# विधायक ने एनएचएआई को जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए

### अधिकारियों संग बैठक कर जलभराव वाली जगहों पर अधिकारियों के साथ पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सालों से उचाना शहर, हाइवे पर जलभराव के स्थाई समाधान को लेकर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री मंगलवार को एक्शन मोड में नजर आए। सुबह दस बजे पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में जन स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, एनएचएआई, मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। विस्तार से बारिश के बाद होने वाले जलभराव को लेकर चर्चा करते हुए अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देश दिए। हाइवे पर बारिश के बाद पानी की निकासी नहीं होने पर विधायक ने एनएचएआई को जल्द से जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए। मीटिंग में पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि आठ से 12 इंच की पाइप लाइन बिछाई जाएगी। जिससे पानी की निकासी बारिश के साथ-साथ होगी। एक सप्ताह के अंदर इसका कार्य पूरा हो जाएगा। जनस्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुनीता नैन ने कहा कि जो अंडरपास के पास सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट है, वहां पर 25 एचपी की मोटर है। यहां पर दो से तीन दिन के भीतर 40 एचपी की मोटर रख दी जाएगी। बारिश के दौरान पानी की निकासी की स्पीड मोटर 40 एचपी की होने से तेज होगी। रेलवे रोड पर जो सड़क है, उसका लेबल शहर की दूसरी सड़कों एवं गलियों से नीचा होने के चलते यहां पर जलभराव की समस्या काफी पुरानी है। यहां भी पानी निकासी के समाधान को लेकर निर्देश विधायक ने दिए। शहर की पुरानी मंडी में पानी निकासी नहीं होने की वर्षों पुरानी समस्या को दूर करने को लेकर निर्देश देते हुए विधायक अत्री ने कहा कि मंडी में बारिश के पानी की निकासी जल्द से जल्द हो इसको लेकर पुख्ता प्रबंध किए जाए।

नगर पालिका भी जो गलियों में गली निर्माण के बाद सीवरेज का कनेक्शन नही हुआ है, वो करवाएं। किसी सूरत में बारिश के मौसम में जलभराव शहर के बाजारों, मंडी, गलियों एवं हाइवे पर न हो। किसी तरह की परेशानी लोगों को नहीं आने दी जाएगी। पानी निकासी की समस्या बहुत पुरानी है ये लोगों ने बताया लेकिन अब इस समस्या का स्थायी समाधान करने का काम करेंगे। उचाना को मार्डन शहर बनाएंगे। विकसित उचाना का सबका सभी को साथ लेकर पूरा करेंगे। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के तहत विकास कार्य हमारी सरकार कर रही है।


उचाना। हाइवे पर अधिकारियों के साथ पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।


पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में अधिकारियों के साथ मीटिंग करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

#### हलके को विकसित बनाएंगे

पत्रकारों से बातचीत में विधायक अत्री ने कहा कि उचाना हलके के मतदाताओं को सब पता है कि अब से पहले क्या उचाना में होता था। ये जो जलभराव की समस्या है इसके स्थाई समाधान को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जो यहां से विधायक चुने गए वो चंडीगढ़, दिल्ली बैठे रहते है। दिल्ली, चंडीगढ़ बैठ कर समस्याओं का समाधान नहीं होता है बल्कि लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुन उसका समाधान करने का काम करना चाहिए था। अब उचाना हलके को विकसित उचाना बनाने के लिए कार्य करेंगे। सुरेश गर्ग, पंकज करसिंधु ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से ही आस है कि वो कई सालों पुरानी जल भराव की समस्या को दूर करने का काम करेंगे। पहले जो विधायक बनते थे वो कभी जलभराव की समस्या का जायजा लेने तक नहीं आए। बारिश के बाद भरे पानी की समस्या का जायजा लेने विधायक आए हैं।

# 31 टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित

- रोगियों को बीमारी से घबराना नही चाहिए : प्रो. सत्यवान मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश को दिसंबर 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य है। इसी के तहत हरियाणा क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश राजू के मार्गदर्शन में टीबी का उपचार ले रहे मरीजों की सहायता के लिए जिला क्षय रोग अधिकारी डा. जेके मान के संचालन में निक्षय मित्र बना कर उनसे टीबी रोगियों को गोद दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मालिक व उनके स्टाफ द्वारा पूर्व में 31 मरीजों को गोद लेकर पोषण कीट वितरित की गई थी। टीबी रोगियों को कोई भी सामाजिक संस्था, आमजन, राजनीतिक पार्टी, एनजीओ एवं संस्थान इत्यादि गोद ले सकते हैं तथा उनके छह माह के उपचार के दौरान उनको कम से कम छह माह के लिए गोद लेकर हर माह पोषण आहार प्रदान कर सकते हैं। इसी की निरंतरता में पूर्ण निष्ठा से अपना सामाजिक कर्तव्य समझते प्राचार्य सत्यवान मालिक द्वारा पांच टीबी रोगियों को तीसरी पोषण कीट व उनके स्टाफ द्वारा 26 टीबी रोगियों को दूसरी कीट प्रदान की गई। इस अवसर पर टीबी विभाग से डीपीपीएम कोमल देशवाल, नरेश नेहरा व कॉलेज से प्रो. मुनीश, प्रो. कृष्ण कुंडू, प्रो. संदीप, प्रो. नरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। राजकीय महाविद्यालय के सत्यवान मलिक ने कहा कि महाविद्यालय हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान देता रहा है। महाविद्यालय का उद्देश्य समाज सेवा में भी भागीदारी निभाना है। समाज में जागरूकता फैलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। रोगियों को अपनी बीमारी से घबराना नही चाहिए।




नगूरां गांव में लोगों को पंपलेट बांट कर जागरूक करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### डेंगू से बचाव के लिए साफ-सफाई जरूरी

**अलेवा।** उप सिविल सर्जन मलेरिया के आदेशानुसार जुलाई महीने को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने डेंगू से बचने का एक ही मंत्र, घरों में हो साफ-सफाई निरंतर स्लोगनों से लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि जिसका उद्देश्य डेंगू बुखार के बारे में जागरूकता बढाना है तथा इसके प्रसार को रोकना है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलों, कालेजों, आंगनबाड़ी केंद्र, मंदिर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को डेंगू बुखार के लक्षण बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दे रही है। स्वास्थ्य कर्मचारी व आशा वर्कर घर-घर जाकर लोगों के होदी, कूलर टंकी, फ्रीज की ट्रे, टायर, पक्षियों को पानी पिलाने वाले कटोरे, गमलों आदि में डेंगू की लारवा की जांच कर रहे हैं। स्वास्थ्य निरीक्षक ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार लोगों के घरों के कोने-कोने तक पहुंच कर होदी, कूलर, टंकी आदि में टेमीफोस नामक कीटनाशक दवाई डाल रही है।

### अनिल को संयोजक और अमनदीप महासचिव बने

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने समाज संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नरवाना इकाई का भी गठन कर दिया है। कड़ी में समाजसेवा में लंबे समय से सक्रिय विशाल गोयल को एक बार फिर अग्रवाल समाज नरवाना का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विशाल कई साल से नरवाना इकाई के अध्यक्ष बनते आ रहे हैं। इसके साथ साथ युवा नेता अनिल गुप्ता को संयोजक और युवा व्यापारी नेता अमनदीप गर्ग को महासचिव नियुक्त किया गया है। इन पदाधिकारियों की नियुक्ति पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने खुशी जताई है। गोयल ने कहा कि नरवाना इकाई कई साल से समाज सेवा के बेहतरीन कार्य कर रही है। इन्हीं कार्यों को देखते इस इकाई को दोबारा फिर जिम्मेदारी दी है। उम्मीद जताई है कि ये नियुक्तियां समाज में संगठनात्मक मजबूती और सेवा कार्यों को और अधिक गतिशील बनाएंगी। नरवाना इकाई के अध्यक्ष को निर्देश दिए हैं कि वे संयोजक व महासचिव की सहमति से एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कार्यकारिणी गठित करें ।

#### पात्र बच्चों के सर्टिफिकेट बनाए

**जींद।** अंकुर दिव्यांग स्कूल में समग्र शिक्षा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सौजन्य से जिला जींद के सरकारी स्कूलों में नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक पढने वाले दिव्यांग बच्चों के चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा जांच शिविर का शुभारंभ जिला परियोजना संयोजक रीतू पंघाल ने किया। मंगलवार को खंड जुलाना एवं जींद जिले के पीएमश्री विद्यालयों के कुल 41 बच्चों की चिकित्सा जांच की गई। पात्र बच्चों के सर्टिफिकेट बनाए गए। इस जांच शिविर में नागरिक अस्पताल जींद से चिकित्सक एवं सहायक स्टाफ, रेडक्रॉस स्टाफ, एलिम्को स्टाफ, समाज कल्याण विभाग स्टाफ , रोडवेज स्टाफ और सभी विशेष अध्यापक उपस्थित रहे। इस चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन एपीसी अशोक गौतम की देखरेख में किया जा रहा है। शिविर का निरीक्षण डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल ने किया। बुधवार को को खंड अलेवा एवं खंड पिल्लूखेड़ा के सरकारी स्कूलों में पढने वाले दिव्यांग बच्चों की चिकित्सा जांच की जाएगी।


जींद। पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। दिव्यांग बच्चों को जांचते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

#### ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रिया रही प्रथम

**जींद।** एलपीजी प्लांट की तरफ से राजकीय माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुरा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सहायक प्रबंधक अक्षय कुमार और उनकी टीम ने ड्राइंग प्रतियोगिता करवाई। विद्यालय की मुख्य शिक्षिका नीलम दहिया ने बताया कि प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा की छात्रा प्रिया ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अन्य विद्यार्थियों को पारितोषिक दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। इसके बाद एलपीजी प्लांट की टीम और शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।

#### योग को जीवन का हिस्सा बनाएं

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के पुराने बस स्टैंड पर योग खिलाड़ी संदीप आर्य के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संदीप ने लगातार 37 घंटे तक सूर्यनमस्कार कर रिकार्ड बनाया। संदीप आर्य का रिकार्ड गिनिज बुक में दर्ज किया गया है। कार्यक्रम में वेद प्रचार सभा और भाविप द्वारा संदीप आर्य को सम्मानित किया गया। संदीप आर्य ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को एक नई पहचान दिलाने का काम किया है। योग हमारे पूवर्जों की पहचान है। आदी काल से ही हमारे पूर्वज योग का महत्व बताते रहे हैं। वेद प्रचार सभा के अध्यक्ष विरेंद्र आर्य ने कहा कि योग करने से कई तरह की बीमारियां कट जाती हैं और शरीर पहले के मुकाबले और अधिक स्वस्थ बनता है। युवाओं को चाहिए कि वो नशे से दूर होकर योग की ओर अग्रसर हों और योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।


जुलाना। जुलाना के योग खिलाड़ी को सम्मानित करते लोग।


जींद। जागरूकता अभियान चलाए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

#### सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाएं

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के तहत रधाना गांव में मंगलवार को स्वास्थ्य सुपरवाइजर विजेंद्र सिंह व तेजवीर सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्यकर्मियों ने गांव में रैपिड फीवर मास सर्वे किया व नुक्कड़ सभाएं करके मलेरिया, डेंगू बुखार के कारण, लक्षण, बचाव बारे जागरूक किया। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा छतों पर पड़े कबाड़ को साफ करवाया, टंकी, कूलर, होदी व फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे के पानी मे लार्वा की जांच की गई। मलेरिया बुखार के लक्षण बताते हुए कहा कि इसमे कंपकपी के साथ बुखार आता है और पसीना आकर बुखार उतर जाता है। इसके अलावा सिर दर्द, उल्टी व दस्त, चक्कर आना एजी मचलना व पूरे शरीर मे थकावट होती है। बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि अपने आसपास पानी न खड़ा होने दें। अगर पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दें। कूलर का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदल दें। मच्छरदानी लगाकर सोएं और ध्यान रखें कि उस पर मच्छर मारनेवाली दवा लगी हो व उसमें कोई छेद न हो और वह कहीं से फटी न हो। सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाएं।


जींद। कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कन्या भ्रूण हत्या कानूनी अपराध

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत ईंटल कलां गांव में स्वास्थ्य कर्मियों ने सभा का आयोजन किया। जिसका मुख्य उद्धेश्य कन्या भ्रूण हत्या एक अपराध को लेकर जागरूक करना रहा। एमपीएचडब्ल्यू कविता रानी व पवन कुमार ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एक ऐसी पहल है, जिसका उद्धेश्य समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव को दूर करना और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह पहल न केवल बेटियों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए है बल्कि उन्हें समान अवसर प्रदान करने और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए भी है। समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव एक गंभीर समस्या है। बेटियों को अक्सर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रखा जाता है और उन्हें समाज में समान अवसर नहीं दिए जाते हैं।

## दिल्ली की सीएम रेखा व सीएम नायब सैनी का 19 को अग्रवाल समाज करेगा भव्य स्वागत : डा. पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना कस्बे के अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज के गणमान्य लोगों की अहम बैठक का आयोजन हुआ। अध्यक्षता मंडी के पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला ने की व संचालन भाजपा की वरिष्ठ नेत्री डा. पुष्पा तायल ने किया। बैठक में आने वाली 19 जुलाई को जुलाना के अग्रसेन भवन में दिल्ली व हरियाणा के मुख्यमंत्री का स्वागत किए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जयप्रकाश सिंगला ने कहा कि ये बड़े सौभाग्य की बात है कि एक ही दिन दो राज्यों के मुख्यमंत्री जुलाना में पहुंच रहे हैं व हमें उनका स्वागत करने का सौभाग्य मिल रहा है। समाज के लोग दोनों मुख्यमंत्रियों का स्वागत करेंगे। डा. तायल ने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वो ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर उनका स्वागत करें। तायल ने कहा अग्रवाल समाज ने चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में मतदान किया व दोनों राज्यों में भाजपा की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई। अब सरकार भी समाज के हित में जो भी बनेगा वो सहयोग करेगी। मंडी के पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला ने कहा कि 19 जुलाई को अग्रवाल समाज दोनों मुख्यमंत्रियों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। अपील की कि हर घर से सभी सदस्य इस समारोह में पहुंचे व दोनों मुख्यमंत्रियों को दिखाएं कि समाज आपके साथ पहले भी कड़ा रहा व आगे भी खड़ा रहेगा। डा. पुष्पा तायल, जयप्रकाश सिंगला, कैलाश सिंगला, विजय जिंदल, अमृतलाल सिंगला, राजू गोयल, सत्यनारायण बंसल, रामलाल सिंगला आदि मौजूद रहे।


जुलाना। कार्यक्रम को लेकर डा. पुष्पा तायल बैठक करते हुए।



उचाना। प्रवचन करते समणी जयंती प्रज्ञा समणी सन्मति प्रज्ञा।

### जीवन में गुरु जरूरी: प्रज्ञा

**उचाना।** पुरानी अनाज मंडी में तेरापंथ भवन में विराजमान आचार्य महाश्रमण की प्रबुद्ध शिष्याएं समणी जयंती प्रज्ञा, समणी सन्मति प्रज्ञा ने धर्म सभा में कहा कि पानी के बिना नदी बेकार है( अतिथि के बिना आंगन बेकार है स्नेह न हो तो सगे संबंधि बेकार है। पैसा न हो तो पॉकिट बेकार है और जीवन में सद्गुरू न हो तो जीवन बेकार है। जीवन में एक गुरू जरूरी है। गुरू नहीं तो जीवन शुरू नहीं सड़क पर चलते है तो पड़े पत्थर को हर कोई पैर से ठोकर मारता है। मगर वही पत्थर शिल्पी के हाथ में आ जाता है तो मूर्ति बन जाता है सद्गुरू शिल्पी है वे नर को नारायण बनाते है। गुरू कोई दावा नहीं करते है कि वे दुनिया को सुधार देंगे। मगर यह दावा जरूर करते है कि अपनी तरफ से दुनिया को सच्चा मार्ग दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। मेरी मान्यता है कि अंधेरे चाहे कितना ही गहरा क्यों न होए अगर आपके हाथ में दीया है तो द्विक्तर अंधेरे से डरने की जरूरत नहीं है। कोशिशें कभी व्यर्थ नहीं जाती। आसमान में भी सुराख हो सकता है एक पत्थर तो उछाल कर देखो। दिल से की गई प्रार्थना अवश्य ही फलीभूत होती है।

### उज्ज्वल दृष्टि योजना के तहत 11 जुलाई को लगेगा स्पेशल कैंप

# दृष्टि हीनता को जड़ से समाप्त करने की कवायद

- चालीस वर्ष से ऊपर के लोगों की आंखों की होगी जांच, दिए जाएंगे चश्मे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दृष्टि हीनता को जड़ से समाप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा उज्वल दृष्टि योजना लाई है। इस योजना की शुरूआत प्रदेशभर में 11 जुलाई से होगी।

इस अभियान के तहत नागरिक अस्पताल में भी 40 वर्ष से ऊपर के लोगों की आंखों की जांच की जाएगी और जरूरत होने पर उन्हें निशुल्क चश्मे दिए जाएंगे। मोतियाबिंद के मरीजों की भी इस दिन स्पेशल जांच होगी। इस अभियान में बुजुर्गों और कामकाजी युवाओं को चश्में मिलेंगे। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों की आंखों की भी जांच के साथ ही अगर उन्हें चश्मे की जरूरत है तो वो दिए जाएंगे। इससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही कार्यक्षमता बढऩे से रोजगार के अवसर भी बेहतर होंगे। नागरिक अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ (आई सर्जन) डा. गितांशु ने बताया कि उज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान की शुरुआत प्रदेशभर से 11 जुलाई से हिसार से स्वास्थ्य मंत्री आरती राव अभियान का शुभारंभ करेंगी। इसी दिन नागरिक अस्पताल जींद में भी आंखों की जांच व चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा उज्वल दृष्टि अभियान न केवल दृष्टिहीनता को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है बल्कि यह प्रदेश के बुजुर्गों और जरूरतमंदों के जीवन में निश्चित रूप से उजाला लाएगी और उन्हें एक स्वस्थ व सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करेगी। इस अभियान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें इस जन कल्याणकारी योजना को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद हैं और अस्पताल को पांच हजार से अधिक चश्मे भी मिले हैं।


जींद। नागरिक अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ (आई सर्जन) डा. गितांशु।

#### स्वास्थ्य विभाग कृत संकल्प : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान के तहत 11 जुलाई से नागरिक अस्पताल पर 45 वर्ष से ऊपर के लोगों की आंखों की जांच के हिसाब से चश्मों का वितरण निशुल्क किया जाएगा। यह कार्यक्रम दृष्टिहीनता को खत्म करने के लिए उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान के तहत चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत आंखों के नंबर की जांच नागरिक अस्पताल में की जा रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दृष्टिहीनता को पूरी तरह से मिटाना है।


नरवाना। स्वास्थ्य जांच करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### स्वास्थ्य जागरूकता कैंप आयोजित

**नरवाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बेलरखा में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि शिविर में विद्यालय के शिक्षकों के हीमोग्लोबिन व ब्लड शुगर की जांच की गई। गणित अध्यापक सुनील कुमार ने स्वयं जांच करवा कर कैंप की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य शिक्षक सुरेंद्र पातलान ने इस स्वास्थ्य पहल की सराहना की और सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एमपीएचडब्ल्यू प्रदीप भारद्वाज द्वारा विद्यार्थियों को डेंगू के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बच्चों को डेंगू के लक्षणए बचाव के उपाय एवं साफ.सफाई की अहमियत के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से चेताया कि रुके पानी में मच्छरों का पनपना डेंगू फैलने का मुख्य कारण है।

## खबर संक्षेप

### गांव कालासर में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** कैथल के गांव कालासर में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव कालासर के अमित ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 जुलाई को जब वह गांव से जा रहा था तो गांव के ही राकेश उर्फ काशा तथा सत्यवान ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते घायल कर दिया।

### दुकान के गले से नकदी चुराई

**कैथल।** कैथल के भगत सिंह चौक के निकट रेलवे रोड स्थित एक दुकान से चोर एक व्यापारी के गले से ₹80000 की नकदी चुरा कर ले गए। पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि वह भगत सिंह चौक पर रेलवे रोड कैथल पर दुकान करता है। आरोप है कि चोर 6 जुलाई को दुकान में घुसते हुए वहां पर रखे ₹80000 की नकदी चुरा कर ले गए। सब इंस्पेक्टर अमित ने बताया कि पुलिस ने केस

### पदक विजेता स्नेहा को किया सम्मानित

**पूंडरी।** गांव फतेहपुर की बेटी असम राइफल्स की जवान स्नेहा ठाकुर ने अमेरिका के अटलांटा में आयोजित विश्व पुलिस फायर गेम्स में रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। मंगलवार को गांव पहुंचने पर ग्राम पंचायत, ग्रामीणों और परिजनों ने ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और जुलूस के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विशेष रूप से भाजपा महिला मोर्चा की जिला सचिव निधि मोहन ने स्नेहा को स्मृति चिन्ह, पट्टिका व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

### आमजन को नशा ना करने बारे किया प्रेरित

**कैथल।** जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नशा मुक्त समाज की दिशा में प्रभावी कदम उठाते एसपी आस्था मोदी के कुशल नेतृत्व में शिक्षण संस्थानों सहित गांव-गांव जाकर नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत डीएसपी कुलदीप बेनीवाल की अगुवाई में एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम ने जागरूक किया।

### चेक बाउंस के मामले में उद्घोषित गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ पकडो स्टाफ प्रभारी एस आई ओमप्रकाश की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा चेक बाउंस मामले में पीओ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एचसी अनिल कुमार द्वारा आरोपी रामथली निवासी निर्भय सिंह को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2023 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 6 मई 2025 को पीओ घोषित किया गया था।

### स्कूल से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** कैथल के पार्क रोड स्थित ओमप्रकाश जैन पब्लिक स्कूल से चोर हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। जोगेंद्र ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 जुलाई की रात को चोर स्कूल में घुसकर वहां पर लगे तीन पंखे व अन्य सामान चुरा कर ले गए। चोरी किए गए सामान की कीमत करीब 15000 बताई गई है।

# कैथल : हॉफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उत्साह से भाग लें जिलावासीः डीसी

## अब तक करीब 53 हजार लोगों ने करवाया रजिस्ट्रेशनः डीसी प्रीति

- मैराथन को लेकर रूट का किया चयन, अंबाला रोड स्थित पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह के निकट से शुरू होगी हाफ मैराथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि 13 जुलाई को कैथल में आयोजित की जा रही हाफ मैराथन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ड्रग्स को पीछे छोड़ें, कैथल के संग दौड़ें के मूल मंत्र के साथ ड्रग फ्री हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के संदेश के साथ धावक दौड़ेंगे। मुख्यमंत्री जी का प्रयास है कि पूरा प्रदेश स्वस्थ हो और हमारे युवा ड्रग्स जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर हों। इसी के प्रति जागरूकता के लिए आगामी 13 जुलाई को कैथल में हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। स्वयं मुख्यमंत्री जी ने कैथल को



**कैथल।** डीसी प्रीति कैथल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हॉफ मैराथन जैसे आयोजन के लिए चुना है। इसीलिए जिला कैथल सहित प्रदेशवासियों से अपील है कि इसमें बढ़चढ़ कर भाग लें और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता मुहीम का हिस्सा बनें। डीसी प्रीति मंगलवार को लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेंस रूम में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने बताया कि मैराथन तीन कैटेगरी में आयोजित होगी। जिसमें 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर की फन फार रन शामिल है। अब तक करीब 53 हजार लोगों ने कैथल हॉफ मैराथन को लेकर रजिस्ट्रेशन करवा लिया है और आगे आने वाले समय में इस रजिस्ट्रेशन के बढ़ने की संभावना है। इस मैराथन में हजारों प्रतिभागी जिसमें खिलाड़ी, विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारी, जन प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, युवा, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोग नशे के खिलाफ एक साथ कदम बढ़ाएंगे।

### ये रहेगा मैराथन का रूट

**पांच किलोमीटर मैराथन**
अंबाला रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से शुरू होकर आरकेएम पैलेस तक जाकर वापस विश्राम गृह में समाप्त होगी। (ढाई किलोमीटर एक साइड कुल आना-जाना पांच किलोमीटर)

**10 किलोमीटर मैराथन**
लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से एचसीटीएम कॉलेज तक जाकर वापस विश्राम गृह में समाप्त होगी। प्रतिभागी को आने-जाने का एक चक्कर लगाना होगा। (एक साइड पांच किलोमीटर, कुल दस किलोमीटर)

**21 किलोमीटर मैराथन**
लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से एचसीटीएम कॉलेज तक जाकर वापस विश्राम गृह में समाप्त होगी। प्रतिभागी को आने-जाने के दो चक्कर लगाने होंगे।

### तीन कैटेगरी में आयोजित होगी

डीसी प्रीति ने बताया कि मैराथन तीन कैटेगरी में आयोजित होगी। इसमें 21 किलोमीटर व 10 किलोमीटर की प्रोफेशनल तथा पांच किलोमीटर रन फार फन रेस शामिल हैं। 21 किलोमीटर की मैराथन में भाग लेने के लिए 200 रुपये तथा 10 किलोमीटर मैराथन में भाग लेने के लिए 100 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस निर्धारित की गई है। पांच किलोमीटर मैराथन की रजिस्ट्रेशन के लिए कोई फीस नहीं है।

### मैराथन विजेताओं को दिया जाएगा नकद पुरस्कार

डीसी प्रीति ने बताया कि 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को एक लाख 21 हजार रुपये, द्वितीय को एक लाख रुपये तथा तृतीय को 75 हजार रुपये का नकद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं 10 किलोमीटर मैराथन में प्रथम विजेता को एक लाख रुपये, द्वितीय को 75 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 50 हजार रुपये की नकद इनाम दिया जाएगा। पांच किलोमीटर की दौड़ रन फॉर फन होगी। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी अलग कैटेगरी बनाई गई है।

### प्रोफेशनल रनर्स को लगाई जाएगी टाइम कैल्कूलेशन चिप

उन्होंने बताया कि 10 व 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को टाइम कैल्कूलेशन चिप (बिब और आरएफ आईडी टेग) उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि मैराथन का परिणाम पारदर्शी व निष्पक्ष हो। एजेंसी के द्वारा पूरे रूट का सर्टिफिकेशन भी किया गया है। कोई भी प्रोफेशनल रनर्स इसमें भाग लेता है तो उसको वही मान्यता दी जाएगी जो अन्य मैराथन में दी जाती है।

## सफीदों के शहरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनी के विकास पर प्रशासन सख्त

**जींद।** सफीदों के शहरी क्षेत्र में बिना आवश्यक स्वीकृतियों के अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि बिना लाइसेंस, सीएलयू या विभागीय एनओसी के किसी भी कॉलोनी का विकास गैरकानूनी है और इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि सफीदों शहरी क्षेत्र के राजस्व एस्टेट खेड़ा खेमावती के खसरा नंबर 99//1/1, 1/2,10 में अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि इस खसरा नंबर में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री, बिक्री अनुबंध, पूर्ण भुगतान अनुबंध या पावर ऑफ अटॉर्नी जारी न की जाए। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध कॉलोनी में भूखंड खरीदने से पहले उसकी पूरी जांच व पड़ताल अवश्य कर लें।

## रेनू भाटिया ने लघु सचिवालय के सभागार में शिकायतें सुनीं

# हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन ने सुनीं महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें

### बिना तलाक दिए ही दो से तीन शादियां करने का मामला सामने आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने लघु सचिवालय के सभागार में मंगलवार को महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें सुनीं। इस दौरान आयोग की चेयरपर्सन के समक्ष अजीबों गरीब शिकायतें आई। इन शिकायतों में पशुओं की समस्या को लेकर हुई मारपीट से लेकर और पति के तीन बिना तलाक दिए ही दो से तीन शादियां करने का मामला सामने आया। मामले में चेयरपर्सन ने शिकायत देने वाली पत्नी के दो दोस्तों को तलब किया और आरोपी सैनिक पति के आला अधिकारियों को उसके निलंबन की सिफारिश करने के आदेश जारी किए। वहीं, एक मामले में पत्नी ने अपने पति के पिछले कई सालों से विदेश रहने के चलते उसे न बुला प्रताड़ित करने की ससुराल पक्ष के लोगों की शिकायतें दी। इस मामले में आयोग की चेयरपर्सन ने विदेश में रह रहे पति की पासपोर्ट की जानकारी जुटा उसे भी तलब करने के आदेश जारी किए। पशुओं की समस्या को लेकर एक मामले में गली में कुत्तों की समस्या और एक मामले भैंसों को गांव में जोहड़ में पानी पिलाने को लेकर हुई मारपीट का मामला सामने आया। इस मामले में भी चेयरपर्सन ने दोनों पक्षों को लताड़ लगाते हुए 10 दिन का समय दिया।



**कैथल।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया शिकायत सुनते हुए।

### पति और उसकी सास पर घरेलू उत्पीड़न का आरोप

चौथे मामले में सामने आया कि पत्नी ने पति और उसकी सास पर घरेलू उत्पीड़न का आरोप लगाया। उसके पति के पिता कनाडा में रहते हैं और वे कभी कभार ही भारत आते हैं। इसमें पत्नी ने आरोप लगाया था कि उसकी सास उसके साथ मारपीट करते हैं। चेयरपर्सन ने पति व पत्नी को साथ में रहने के निर्देश दिए। इसके पत्नी की सास को अलग रहने की सिफारिश की, लेकिन बात नहीं बन पाई। इसके बाद पति व सास राजी नहीं हुए। इसके बाद पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ घरेलू उत्पीड़न का केस दर्ज करने के निर्देश दिए।

### विदेश में रहे पति को बुलाने के निर्देश

पांचवें केस में दोनों पक्ष के आपस में अदल-बदल कर बेटी की शादी करने के मामले में दोनों पक्षों के एक दूसरे के खिलाफ शिकायत करने का मामला था। इस मामले में एक पक्ष का दामाद पिछले नौ साल से विदेश में रह रहा है और उसकी पत्नी ने उसकी व उसके बेटे कोई सुध नहीं लेने का आरोप लगाया। जबकि दूसरे पक्ष ने उनके दामाद पर बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया। इसमें दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि बेटी को बदनाम करने की साजिश की जाती है। जबकि पहले पक्ष ने दूसरे पक्ष की बेटी के किसी दूसरे के साथ संबंध होने के आरोप लगाए। इस मामले में चेयरपर्सन ने विदेश में रहे पति को बुलाने के निर्देश दिए।

### महिला पुलिसकर्मी को घर का दौरा करने के निर्देश

पहले मामले में महिला ने शिकायत दी कि उसकी शादी पहले से ही हुई है और वह ससुराल में रह रही है। उसके चाचा ससुर का घर भी पास में ही है। कई बार गली में अवारा कुत्तों को लेकर लड़ाई हुई। महिला ने आरोप लगाया कि अवारा कुत्तों को गली के कुत्तों को भगाता था। जबकि वह बेजुबान पशुओं की सेवा करती थी। वहीं, दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि थाने में ही उसकी रिश्ते में भतीजे की बहु ने उसे थप्पड़ मारा। महिला ने बताया कि बेजुबान पशुओं की देखरेख करने वाली एनजीओ चलाने वाली महिला के खिलाफ भी थाने में शिकायत दी गई। वहीं, एक अन्य मामले में जमीन का विवाद सामने आया। इसमें चेयरपर्सन ने 10 दिन में कोर्ट केस की स्टेट्स चैक करने के आदेश जारी किए और सुरक्षा के लिहाज से शिकायतकर्ता महिला के आग्रह पर महिला पुलिसकर्मी की उसके घर का दौरा करने के निर्देश दिए।

**केस नंबर दो:** एक गांव में दो पक्षों में भैंस को गांव के जोहड़ में पानी पिलाने को लेकर हुए झगड़े मामले में दो पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत का मामला सामने आया। इस मामले में चेयरपर्सन ने दोनों पक्षों को लताड़ लगाते हुए कहा कि हमारा देश चांद पर पहुंच गया है और हम गांव में रहकर केवल भैंसों को पानी पिलाने को लेकर हुए झगड़े में फसे हैं। दरअसल, इस मामले में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर बेटी को लेकर अपशब्द बोलने की शिकायत दी थी। इस पर चेयरपर्सन ने शिकायत देने वाले पक्ष की बेटी को इस जांच में शामिल करते हुए एक महिला पुलिस कर्मी की जांच में ड्यूटी लगाई।

### आईटीबीपी में कार्यरत एक फौजी ने की तीन शादियां

तीसरे मामले में आईटीबीपी में कार्यरत एक फौजी के तीन शादियां होने का मामला सामने आया। इस मामले में उसकी दूसरी पत्नी महाराष्ट्र राज्य निवासी ने पति के खिलाफ शिकायत दी थी। इसमें उसने आरोप लगाया कि उसे तलाक दिए बिना ही तीसरी शादी कर ली। जबकि पहली से तलाक हुआ, लेकिन उसके साथ की गई दूसरी शादी के बाद तलाक नहीं लिया। शिकायत देने वाली पत्नी ने आरोप लगाया कि पहले उसका पति चार साल तक रिलेशन में रहा और उसके तीन साल बाद शादी की। वहीं, आरोपी पति ने उसके एक कंपनी कमांडर और एक प्रॉपर्टी डीलर के साथ संबंध होने का आरोप लगाया। इस मामले में चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कंपनी कमांडर से फोन पर बात की। जबकि प्रॉपर्टी डीलर को व कमांडर को भी जांच में शामिल करने के आदेश जारी किए। वहीं, इस केस के जारी रहने तक आरोपी पति के निलंबन को लेकर उसके आला अधिकारियों को सिफारिश करने के आदेश जारी किए।



**कैथल।** बैठक में बातचीत करते भाविप पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## भाविप का स्थापना दिवस कल हर्षोल्लास से मनाया जाएगा

- स्थापना दिवस व बेटी जन्मोत्सव पर कार्यक्रम तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

भारत विकास परिषद शाखा क्योंड़क की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को शाखा अध्यक्ष सुरेश शर्मा (सेवानिवृत्त प्रवक्ता) के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता स्वयं सुरेश शर्मा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस 10 जुलाई को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने जानकारी देते बताया कि भारत विकास परिषद की स्थापना 10 जुलाई 1963 को हुई थी, जबकि क्योंड़क शाखा की स्थापना 10 जुलाई 2000 को की गई थी। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक पेड़ मां के नाम" अभियान से प्रेरित होकर परिषद ने 101 पौधे लगाने का संकल्प लिया है। यह पौधारोपण कार्यक्रम समाज में पर्यावरण संरक्षण और मातृभक्ति जैसे मूल्यों को बढ़ावा देने हेतु आयोजित किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जुलाई के तीसरे या चौथे शनिवार को परिषद द्वारा तीसरा "बेटी जन्मोत्सव" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, क्योंड़क में किया जाएगा। इसमें जुलाई माह में जन्म लेने वाली बेटियों को सामूहिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विद्यालय की छात्राओं एवं स्टाफ को लड्डू वितरित कर सामूहिक मिठाई वितरण का आयोजन किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

बैठक में शाखा संरक्षक रामचन्द्र, कोषाध्यक्ष विजेन्द्र तंवर, दीपक शर्मा, जिला समन्वयक कृष्ण कुमार कौशिक, रकम सिंह, रजनीश, अनिल तंवर, राजेन्द्र, रामपाल तंवर सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई तथा आगामी आयोजनों को लेकर सभी सदस्य उत्साहित एवं प्रतिबद्ध दिखाई दिए।

## धेरडू के नर्सिंग कॉलेज का नाम बदला

- अब गुरु ब्रह्मानंद गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज नामकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को मान्यता देते अब गांव धेरडू में स्थापित सरकारी नर्सिंग कॉलेज को गुरु ब्रह्मानंद गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज गांव धेरडू के नाम से जाना जाएगा। यह निर्णय विधायक सत्तपाल जांबा द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव के सकारात्मक परिणामस्वरूप लिया गया है। यह नर्सिंग कॉलेज ग्राम पंचायत धेरडू द्वारा दी गई 5 एकड़ भूमि पर स्थापित किया गया था और ग्रामीणों की भावनाओं तथा गुरु ब्रह्मानंद जी के प्रति सम्मान को ध्यान में रखते हुए यह नामकरण बिना किसी अतिरिक्त सरकारी व्यय के स्वीकृत किया गया है। सत्तपाल जांबा ने कहा यह केवल एक नामकरण नहीं है, बल्कि हमारे समाज में गुरु ब्रह्मानंद जी के योगदान, आदर्शों और शिक्षाओं को जीवंत रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मैं इस उपलब्धि को क्षेत्र की जनता को समर्पित करता हूँ और यह भरोसा देता हूं कि आपके सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा।



**पूंडरी।** गुरु ब्रह्मानंद जी को नमन करते विधायक सतपाल जांबा।

## छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव को लेकर किया जागरूक

- खांडा स्कूल में नशा मुक्ति पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अलेवा

गांव खांडा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को नशा मुक्ति पर आधारित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एनएसएस अधिकारी देवेंद्र कौशिक ने की तथा मुख्य रूप से स्कूल प्रभारी संजीव कुमार ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में दौरान विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीणों को नशा करने से होने वाले नुकसानों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को स्कूल प्रभारी द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। एनएसएस अधिकारी की अगुवाई में विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति के विरुद्ध रैली निकालते हुए नशा मुक्ति हो गांव मेरा का बैनर लेकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सुखी जीवन बनाएं व नशीले पदार्थों से परहेज करें। नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला बनाने के अलावा समाज में ऐसे व्यक्ति से लोग घृणा करते है। युवाओं को चाहिए कि नशे के प्रचलन से दूर रहकर अपना व परिवार का भविष्य संवारें। इस मौके पर विद्यार्थियों के अलावा कई स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



**अलेवा।** खांडा गांव में नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकालते विद्यार्थी।

## पौधरोपण करने का किया आह्वान

- विभिन्न धार्मिक स्थलों पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

राजौंद में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा द्वारा चल रहे एक पौधा मां के नाम अभियान में शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा पौधे लगाए। इस दौरान शहर के मड़वाल रोड, खेड़ी रायवाली रोड तथा घरों में भी पौधरोपण किया गया। आमजन को जागरूक करते हुए ब्रह्माकुमारी बहनों ने कहा कि प्रकृति ने हमें जीवन जीने के लिए सब कुछ निःशुल्क दिया है ।लेकिन आज मानव के स्वार्थवादी दृष्टिकोण तथा उपभोक्तावादी पाश्चात्य संस्कृति और औद्योगिकीकरण के कारण उसने इतना विकराल रूप धारण कर लिया है, जिसे अब भी संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले समय में हमें ना तो शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगी और न ही अन्य दूसरे संसाधन उपलब्ध हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि वास्तव में यह बाहरी प्रदूषण मानव मन के आंतरिक प्रदूषण का ही परिणाम है। आज खेतों में जो अन्न उपजा रहे हैं, उसमें भी कीटों को मारने के संकल्प से जहरीली कीटनाशक दवाइयां डाली जा रही है जिससे अनाज भी विषैला और प्रदूषित हो रहा है। अतः प्रकृति को शुद्ध बनाने के लिए मन को शुद्ध बनाएं, प्रकृति के प्रति उदारता का भाव रखें। इस दौरान उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान में हम राजयोग मेडिटेशन द्वारा पवित्र, शांति के प्रकंपन चारों ओर फैलाकर प्रकृति के पांचों तत्वों को सतोप्रधान बनाने का प्रयास करते हैं।




**राजौंद।** अभियान में शामिल होकर पौधे रोपण करते हुए मां व बेटी।

## आईटीआईः पहली मैरिट सूची का शेड्यूल समाप्त

# मात्र 25 प्रतिशत सीटों पर ही हो पाया दाखिला

- मनपसंद सीट न मिलने से कम रहा दाखिला,11 को जारी होगी दूसरी मैरिट सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

आईटीआई में दाखिले को लेकर मंगलवार को पहली मैरिट सूची का शेडयूल समाप्त हो गया। विभागीय सूत्रों के अनुसार पहली मैरिट सूची में संस्थानों की करीब 20 प्रतिशत सीटों पर ही दाखिला हो पाया है। अधिकतर विद्यार्थियों का कहना था कि मनपसंद सीट न मिलने के कारण उन्होंने दाखिला नहीं लिया। ऐसे में अब विद्यार्थियों की निगाह दूसरी मैरिट सूची पर टिकी है। आईटीआई कैथल में करीब 1250 सीटों में से विभाग द्वारा पहली मैरिट सूची में 771 सीट आबंटित की गई थी जिनमें से केवल 271 विद्यार्थियों ने ही दाखिला लिया है। शेडयूल के अनुसार पोर्टल पर बुधवार को खाली सीटों का ब्योरा दिखाया जाएगा।



**कैथल।** आईटीआई में फार्म भरने के लिए पहुंचे युवा। *फोटो : हरिभूमि*

### यूं रहेगा काउंसलिग का शेड्यूल

पोर्टल के माध्मय से 9 से 10 जुलाई तक विद्यार्थी चवाइस में बदलाव कर सकते हैं। दूसरे राउंड के लिए 9 जुलाई को खाली सीटों की सूची जारी होगी। पोर्टल खुलने के बाद 9 से 10 जुलाई तक विद्यार्थी ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। 11 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी, जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 11, 12 और 14 जुलाई को आई.टी.आई में आकर फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 15 जुलाई तक विद्यार्थी फीस भर सकेंगे।

### अब 11 जुलाई को दूसरी मैरिट सूची जारी होगी

आइटीआइ के जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि बुधवार को पहली मैरिट सूची का शेडयूल समाप्त हो गया। अब 11 जुलाई को दूसरी मैरिट सूची जारी होगी। विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपनी च्वाइस ध्यान से भरे ताकि उसका संबंधित ट्रेड में दाखिला हो सके।

## खबर संक्षेप



अपने भाईयों के साथ पूंडरी के संदीप टाया डीएसपी।

### संदीप ने करनाल में संभाला डीएसपी का पद

**पूंडरी।** हरियाणा पुलिस सेवा में अपनी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले संदीप टाया ने हाल ही में करनाल में डीएसपी का कार्यभार विधिवत रूप से संभाल लिया है। संदीप टाया को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए गत वर्ष राष्ट्रपति द्वारा पुलिस मैडल से सम्मानित किया गया था, जो न केवल उनके लिए बल्कि पूरे पूंडरी क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। संदीप टाया ने अपने पुलिस सेवा की शुरुआत वर्ष 2004 में सब-इंस्पेक्टर के रूप में की थी। कार्य के प्रति समर्पण और नेतृत्व क्षमता के बल पर उन्होंने 2012 में इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति प्राप्त की और अब उन्हें डीएसपी के रूप में नियुक्त किया गया है।

### मां-बेटी ने स्कूल में किया पौधरोपण, दिया संदेश

**राजौंद।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा गोल्ड लाइफ पब्लिक स्कूल में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ बारे जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला के दिशा-निर्देश व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कीर्ति शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक यश पाल राणा, प्रिंसिपल जितेंद्र राणा और स्कूल स्टाफ के साथ छात्र-छात्राओं व आशा वर्कर ने हिस्सा लिया। इस दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के बारे बताया।



### डीएसपी अमित भाटिया को भाविप ने किया सम्मानित

**नरवाना।** मंगलवार को भाविप केशव शाखा ने डीएसपी अमित भाटिया को उनकी समर्पित एवं सराहनीय सेवाओं के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया। संरक्षक सतीश सेतिया, अभिनव गुप्ता, कुबेर दत्त व सुनील छाबड़ा उपस्थित रहे। सतीश सेतिया ने बताया कि डीसीपी अमित भाटिया ने नरवाना शहर में अमन शांति व विकास के लिए दिन.रात कार्य किया ।

### ब्रह्मानंद आश्रम में मनाया प्रथम मूर्ति स्थापना दिवस

**कैथल।** जगद्गुरु ब्रह्मानंद आश्रम कैथल में प्रथम मूर्ति स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। रोड़ समाज व जिला कैथल के सभी सम्मानित सज्जन उत्सव में शामिल हुए । मुख्यातिथियों में सतपाल जांबा विधायक पुंडरी, सुरेश गर्ग नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि, करमबीर कौल जिला परिषद चेयरमैन, कैलाश भगत, संदीप शर्मा प्रधान जिला बार एसोसियेशन, वरिष्ठ अधिवक्ता मनदीप सिंह , सतबीर मैहला, प्रिंसिपल आरकेएसडी कॉलेज उपस्थित हुए तथा गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त किया । इस अवसर पर गुरु जी के आश्रम की कार्यकारिणी की तरफ़ से भंडारे की भी व्यस्था की गई थी ।

### एडीजीपी ने पुलिस लाइन में अधिकारियों व कर्मियों को किया ब्रीफ

# सूचना मिलने पर कम से कम समय में अपराधी तक पहुंचना करें सुनिश्चित

- चेकिंग के दौरान महिला सवार वाहन चालकों को न किया जाए परेशान
- अपराधी तक पहुंचने के लिए रिस्पांस टाइम कम करें पुलिस : एडीजीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** जींद पुलिस को ब्रीफ करते एडीजीपी हिसार मंडल हिसार केके राव।

एडीजीपी हिसार मंडल हिसार केके राव ने मंगलवार को पुलिस लाइन जींद में सभी डीएसपी, थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज, थाना एमएचसी, सिपाही, क्राइम यूनिट, ट्रैफिक कर्मी, कंट्रोल रूम सहित करीब 450 अधिकारी एवं कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एएसपी सोनाक्षी सिंह मौजूद रहे। एडीजीपी केके राव ने किसी भी अपराधिक घटना की सूचना प्राप्त होने पर कम से कम समय में मौका पर अपराधी तक पहुंचने के लिए रिस्पांस टाइम कम करने बारे निर्देश दिए। पुलिस ग्राउंड स्तर पर अपनी ड्यूटी को सजगता से करते हुए एक दूसरे से समन्वय स्थापित करके क्राइम कंट्रोल करें तथा इस संबंध में कहा कि डायल 112 की अहम भूमिका रहती है। डायल 112 पर पुलिस कर्मचारियों की अलग-अलग दो शिफ्ट रहती है। जिसमें प्रत्येक शिफ्ट 12 घंटा की ड्यूटी करती है। जिनका थाना स्तर पर थाना मुंशी अपने रोजनामचा में उनकी रवानगी वापसी करके शिफ्ट चेंज करने का जिम्मेवार होगा। डीएसपी, थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज उनको समय-समय पर निरंतर उन्हें चेक करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की दृश्यता होनी जरूरी है, ताकि आम जनता में पुलिस का विश्वास बढ़े और क्राइम पर कंट्रोल किया जा सके।

#### रिस्पांस टाइम पर करें फोकस

ईआरवी, पीसीआर, राइडर अन्य सभी द्वारा आपस में समन्वय स्थापित कर उन्हें रिस्पांस टाइम पर विशेष ध्यान होना चाहिए। इन वाहनों पर तैनात सभी कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि अपनी ड्यूटी के दौरान आने.जाने वाले संदिग्ध वाहनों की भी चेकिंग करें। उन्होंने कहा कि पुलिस को अपनी कार्यप्रणाली में ओर सुधार करने की आवश्यकता है। सभी थाना मुंशी, पीसीआर, राइडर, नाका के पास वाकी-टॉकी होना चाहिए और उन्हें कंट्रोल रूम इंचार्ज के माध्यम से प्रत्येक दो घंटा में उनकी लोकेशन चेक करने का प्रतिदिन अभ्यास भी किया जाना चाहिए। उन्होंने नाका पर तैनात कर्मियों को अपनी ड्यूटी सतर्क होकर करने तथा किसी अपराधी घटना की सूचना प्राप्त होने पर तुरंत आपसी तालमेल बनाकर संघन नाकाबंदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधी आमतौर पर ट्रिपल राइडर, बिना नंबर प्लेट वाहन पर सवार होकर घटना को अंजाम देते हैं। इस तरह के संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की चेकिंग पर उन्हें विशेष ध्यान देना चाहिए।

#### शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करें पुलिस अधिकारी

प्रभारी, चौकी इंचार्ज अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले टोल टैक्स प्लाजा के प्रबंधक व उनके कर्मचारियों से समन्वय स्थापित रखें, ताकि कोई वारदात होने पर उनकी सहायता ले सकें। थाना स्तर पर थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज थाना में प्राप्त होने वाली शिकायतों की सुनवाई करें तथा उनकी बिना किसी देरी के तुरंत निदान करें। फिलहाल पुलिस कर्मचारियों की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पेशी हो रही है। जिससे उनके समय की बचत रहती है तथा वह अपने अन्य सरकारी कामकाज समय से निपटा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस कर्मी को यह पता होना चाहिए कि उसके ट्रेफिक प्वायंट पर किस समय से किस समय तक अधिक भीड़ रहती है तथा इस दौरान वह अपनी ड्यूटी अलर्ट होकर करें। थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज, सीआईए स्टाफ को अपने-अपने क्षेत्र में कौन-कौन से अपराधी जेल से बाहर हैं, उनका कहां-कहां लिंक है इस बारे में उन्हें पता होना चाहिए।

#### एसपी चौकी, थानों में मूलभूत सुविधाएं जांचें

उन्होंने एसपी को निर्देश दिया कि अगले एक महीने बाद उनके जिला के सभी थाना, चौकी व कार्यालय की बैरिक, रसोई, टॉयलेट आदि सभी कर्मचारियों की मूलभूत सुविधाओं बारे उनके द्वारा चेक किया जाएगा तथा उन्हें दुरुस्त करने के आदेश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को किसी भी मामले की जांच करने के दौरान होने वाले खर्च को सरकारी हैड से ड्रॉ करवाने बारे में बताया तथा निर्देश दिए कि इस तरह के बिल ड्रा करने पर किसी तरह की देरी नही होनी चाहिए। इसके साथ.साथ उन्होंने निर्देश दिया कि हिसार मंडल स्तर पर उनके द्वारा एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया हुआ है। जिस पर कोई भी पुलिसकर्मी अपनी समस्या बारे व्हाट्सअप करने पर तुरंत उनकी समस्या का निदान किया जाता है। इसी तरह का एक व्हाट्सअप नंबर हिसार मंडल के सभी पुलिस अधीक्षकों को जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं।



**जींद।** निरीक्षण करते हुए वीसी।

# वीसी ने सीआरएसयू में शैक्षणिक भवनों का किया औचक निरीक्षण

- नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की तैयारियों में जुटा सीआरएसयू
- विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मिलेगी हर सुविधा : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत 24 जुलाई से होनी है। इससे पूर्व 16 व 17 जुलाई को विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग (यूटीडी) में प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

इसी क्रम में कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शैक्षणिक भवनों का निरीक्षण किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद भवन टीचिंग ब्लॉक और सीवी रमन भवन (टीचिंग ब्लॉक) में आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि नए सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कुलगुरु प्रो. सैनी ने विशेष रूप से कक्षाओं में बैठने की उचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, विभागीय कार्यालयों की सक्रियता और कर्मचारियों की समयबद्ध उपस्थिति पर बल दिया। शिक्षकों के लिए भी कार्यालयों में बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिससे वे सुचारू रूप से शिक्षण कार्य कर सकें। कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्राथमिक उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ एक सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान कुलगुरु ने साफ.-सफाई व्यवस्था का भी विशेष तौर पर जायजा लिया और निर्देश दिए कि शिक्षण व गैर शिक्षण स्टाफ यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुव्यवस्थित रूप से तैयार रहें ताकि नया सत्र सहज व सुचारू रूप से शुरू हो सके। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव, डीन एकेडमिक, एस्टेट ऑफिसर, विभागाध्यक्षगण, विभिन्न विभागों के शिक्षकगण एवं गैरशिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची की त्रुटियां ठीक करें बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** कार्यशाला में मौजूद जुलाना एसडीएम होशियार सिंह।

जुलाना विधानसभा क्षेत्र 34 के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची तैयार करने में त्रुटियों का शुद्धिकरण के कार्य को सभी बीएलओ पूरी गंभीरता से करें। इस कार्य को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों अनुसार किया जाए। एसडीएम होशियार सिंह मंगलवार को स्थानीय डीआरडीए हॉल में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की कार्यशाला में नया वोटर कार्ड बनाने, वोटर कार्ड को सूची से हटाने, वोटर कार्ड में पता बदलने आदि संशोधन प्रक्रिया बारे प्रशिक्षण दे रहे थे। कार्यशाला के दौरान एसडीएम ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मतदाता सूची में सुधार एवं संशोधन एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव छोड़ चुके लोगों की वोट को अन्य स्थान पर बदलने, मृतकों के नाम मतदाता सूची से हटाना और नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने का कार्य प्राथमिकता से होना चाहिए। उन्होंने बीएलओ से कहा कि वे अपने.अपने बूथ पर जाकर डोर टू डोर सत्यापन करें ताकि मतदाता सूची अधिक से अधिक सटीक हो सके। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची हर मतदान केंद्र पर निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि एक जनवरी 2025 को आधार तिथि मानकर मतदाता सूची तैयार की जाएगी। ऐसे में जो भी व्यक्ति इस तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का है और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का निवासी हैए वह मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का पात्र होगा। नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6 भरकर, साथ में दो पासपोर्ट साइज फोटो, आयु प्रमाणपत्र और रिहायशी प्रमाणपत्र बीएलओ को जमा करवाना होगा।

# संयुक्त किसान मोर्चा का धरना 1176वें दिन भी जारी, मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**जींद।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

नरवाना तहसील में मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में मंगलवार को 1176 वें दिन भी धरना जारी रहा जिस की अध्यक्षता गंदुर गुरुथली ने की और मंच संचालन महेंद्र सिंह धर्मगढ़ ने किया । मंच सांझा करते हुए मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने बताया कि मौजूदा सरकार का चाल चरित्र और चेहरा आप के सामने है । जो लोग कहते थे कि सरकार का काम सार्वजनिक उपक्रमों को चलाना नहीं हैएये काम तो उद्योगपतियों और व्यापारियों का है वहीं लोग मेवात के 9 गांवों की 1600 एकड़ जमीन किसानों से 45000 हज़ार रुपये प्रति एकड़ अधिग्रहित कर आईएमटी मानेसर में देशी व विदेशी कंपनियों को 17 करोड़ प्रति एकड़ से बेच रही है। एक साल से किसानसे अधिक समय से धरने पर बैठे किसान धोखा धडी से हथियाई ज़मीन के और अधिक प्रतिभूति मुआवजे की मांग कर रहे हैं। जिन्हें कल रात दो बजे गिरफ्तार कर लिया गया व टैंटों को उखाड़ फेंका। पुलिस सारा सामान अपने साथ ले गई। जिसके विरोध में आज नरवाना में किसानों ने प्रदर्शन करते कर एसडीएम को मुख्यमंत्री के ज्ञापन सौंपाकर किसानों की तुरन्त रिहाई व किसानों को प्रताड़ित करना बंद करने की मांग की। कल 9 जुलाई को सभी ट्रेड यूनियनों किसानों, मज़दूरों, खेती हर मज़दूर राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे।

# बिना अनुमति के कैफे में चल रहे डॉस को पुलिस ने रूकवाया

- कैफे की ओपनिंग पर लगा स्टेज लगा, डीजे पर नाच रहे थे डांसर
- पुलिस की आयोजकों को फटकार, भीड़ भी हटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



प्रोग्राम करते हुए कलाकार।

हुडा मार्केट में कैफे ओपनिंग को दौरान डांसर के कार्यक्रम को पुलिस ने बीच में रूकवा कर भीड़ को खदेड़ दिया। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पुलिस से अनुमति नही ली गई थी। जिस पर सिविल लाइन थाना प्रभारी ने आयोजक को कड़ी फटकार लगाई और बिना अनुमति के आयोजन कार्रवाई की चेतावनी दी। डीआरडीए के सामने हुडा मार्केट में मंगलवार को कैफे की ओपनिंग के दौरान स्टेज लगा डीजे पर डांसरों को नचाया जा रहा था। जिसके चलते वहां पर अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई और माहौल भी खराब होने लगा। जिसके चलते आसपास के कोचिंग सैटरो तथा लाईब्रेरी में पढऩे वाले बच्चों को परेशानी होने लगी। हुल्लड़बाजी की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना प्रभारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुच गए और कार्यक्रम को रूकवा दिया। पुलिसबल ने वहा पर जमा भीड़ को भी हटा दिया।

# निरीक्षण को स्कूल पहुंचे एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत के गांव बालू में सरकारी स्कूल के मिड-डे-मिल को जांचते एसडीएम अजय हुड्डा

एसडीएम अजय हुड्डा ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गांव बालू का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ बीईओ सुरेश नैन साथ मौजूद रहे। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान स्कूल में विद्यार्थियों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं को कसौटी पर परखा। उन्होंने मिड-डे-मिल खाद्य साग्रमी की जांच पड़ताल की। उन्होंने शिक्षकों को खाद्य सामग्री के बेहतर ढंग से रखरखाव, सफाई, पेयजल, स्टाफ की समय पर उपस्थिति व अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा हासिल करने के लिए आदर्श माहौल प्रदान में कोई चूक न रहे। शिक्षक माता-पिता की भांति बच्चों की पढ़ाई को गंभीरता से लें। ताकि शिक्षकों पर विश्वास को बनाए रखा जा सके। अभिभावक व समाज सेवी संगठन शिक्षा के ढांचें को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं। अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाएं।

#### उपमंडल मुख्यालय से चलेगा बीईओ कार्यालय

हरियाणा गठन के बाद से कलायत में खंड शिक्षा अधिकारी को अपना कार्यालय मिला है। उप मंडल मुख्यालय भवन में बीईओ कार्यालय को दूसरे तल पर कमरा नंबर 304 में स्थापित किया गया है। उनके स्टाफ का कार्यालय कमरा नंबर 308 में क्रियाशील रहेगा। बीईओ सुरेश नैन ने बताया कि कार्यालय को प्रभावी ढंग से गतिशील किया गया है। पहले बीईओ कार्यालय राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के आंगन में चल रहा था। जबकि इससे पहले बीआरसी कार्यालय व अलग-अलग स्थानों पर कार्यालय संचालित रहा है।

# नवीन गोयत ने अमेरिका में जीते दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल

- नौ जुलाई को गांव मखंड पहुंचने पर होगा भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



नवीन गोयत गोल्ड मेडल विजेता।

अमेरिका में हुए इंटरनेशनल खेलों में मखंड गांव के नवीन गोयत ने अलग-अलग खेलों में दो गोल्ड, सिल्वर मेडल जीता। नवीन गोयत का नौ जुलाई को गांव में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उचाना से डीजे के साथ जुलूस के रूप में ग्रामीण गांव तक नवीन गोयत को लेकर जाएंगे। नवीन गोयत थल सेना में फायरमैन के पद पर कार्यरत है। चाचा नसीब गोयत, दिलबाग गोयत ने बताया कि 24 जून को अमेरिका इंटरनेशनल खेलों में हिस्सा लेने नवीन गोयत रवाना हुआ था। चार जुलाई को एकल खेल सीढियों में चढऩे पर गोल्ड मेडल जीता तो रिले रेस में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीता। गांव में पहुंचने पर भव्य स्वागत की तैयारी की हुई है। भाजपा नेता दीपक बुडायन ने नवीन गोयत एवं परिवार को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी के लिए गर्व की बात है कि ग्रामीण अंचल के बेटे ने देश का नाम रोशन किया है। हमें होनहार युवा पर गर्व है। उन्होंने पदक जीतने पर नवीन को बधाई दी।

# नरवाना में सफाई का टेंडर होने के बाद भी सफाई व्यवस्था का बुरा हाल

**नरवाना।** नरवाना नप द्वारा सफाई टेंडर जारी हो जाने के बाद भी सफाई व्यवस्था का हाल बिगड़ता जा रहा है। पुरानी अनाज मंडी व लोहा मंडी गेट के सामने कुडे के ढेर इस बात को साबित कर रहे हैंए नगर परिषद प्रशासन मौन है। कैबिनेट मंत्री बेदी ने सोमवार को नप अधिकारियों व पार्षदो को दिशा निर्देश दिए थे। जिसका कोई खास असर नहीं दिखा। यही रफ्तार सफाई की रहीं तो कुछ दिन बाद पुरानी अनाज मंडी व लोहा मंडी गेट पुरी तरह से कचरा से अट जायेगा और लोगों का आना.जाना का रास्ता दुर्गम हो जायेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में जीता रजत पदक, गांव में हुआ जोरदार स्वागत

# गांव फतेहपुर की बेटी स्नेहा ठाकुर ने अमेरिका में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



फतेहपुर गांव में पहुंचने पर बेटी का स्वागत करते हुए सरपंच प्रतिनिधि सौरभ वर्मा व ग्रामीण।

गांव फतेहपुर की बेटी स्नेहा ठाकुर ने अमेरिका के अटलांटा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर न केवल अपने गांव का, बल्कि हरियाणा और पूरे भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। मंगलवार को जैसे ही स्नेहा ठाकुर गांव फतेहपुर पहुंचीं, पूरा गांव उमंग और उत्साह में डूब गया। ग्राम पंचायत सरपंच सोहनलाल वर्मा, ग्रामीणों और परिजनों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। डीजे की धुनों और सजी हुई मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ जलूस के रूप में स्नेहा को गांव में लाया गया। रास्ते भर लोगों ने फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया।जलूस गांव के ऐतिहासिक स्थल दादा खेड़ा पर पहुंचा, जहां स्नेहा ठाकुर ने माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात दादा खेड़ा परिसर में एक स्वागत समारोह का आयोजन हुआ जिसमें ग्रामीणों ने स्नेहा के संघर्ष और सफलता की सराहना की। इस गौरवपूर्ण अवसर पर हलका विधायक सतपाल जांबा, गांव के सरपंच सोहनलाल वर्मा और प्रतिनिधि सौरभ वर्मा ने स्नेहा और उनके परिवार को बधाई दी। सरपंच सोहनलाल वर्मा ने कहा कि स्नेहा ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर संकल्प मजबूत हो तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं। यह जीत पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

#### साधारण परिवार से अंतरराष्ट्रीय पदक तक का सफर

*स्नेहा ठाकुर एक सामान्य ग्रामीण परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पिता कर्म सिंह पेशे से ड्राइवर हैं। स्नेहा की एक बड़ी बहन और एक छोटा भाई है। आर्थिक सीमाएं होने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। अपनी कड़ी मेहनत, आत्मअनुशासन और मजबूत इरादों के बल पर उन्होंने भारतीय सेना की असम राइफल्स में भर्ती होकर अपने खेल कौशल को निखारा।आज स्नेहा ने वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। यह जीत स्नेहा के व्यक्तिगत संघर्ष की तो कहानी है ही, साथ ही यह हर उस बेटी के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों में भी बड़े सपने देखती है।*

#### माता-पिता के सहयोग से ही इस मुकाम तक पहुंची हूं-स्नेहा

स्नेहा ठाकुर ने कहा कि उनकी इस उपलब्धि में माता-पिता का बहुत सहयोग है। माता-पिता ने हमेशा उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित किया और उस पर अपना विश्वास जताया। उनका अगला लक्ष्य ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतना है। जिसके लिए वे निरन्तर तैयारी कर रही है।